महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू0वि0 / प.नि.का. / 2022 / 14175 दिनांकः 09.05.2022

विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 28.04.2022 के संकल्प संख्या 05 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में सत्र 2021–22 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम वर्ष के व्यक्तिगत छात्रों हेतु महाविद्यालय का चयन न कराकर छात्र का ऐच्छिक जिला चयन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अन्य व्यक्तिगत कक्षाओं यथा स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर स्तर पर द्वितीय वर्ष में आवेदन की प्रक्रिया को पूर्व की भांति ही रखा गया है।

इस वर्ष के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम वर्ष के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा एवं अन्य वर्षो के आवेदन पत्र पूर्व की भांति महाविद्यालयों द्वारा अनुमोदित किये जायेगें। व्यक्तिगत श्रेणी के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाईट www.mjpru.ac.in/online examination form अथवा https://mjpruiums.in पर उपलब्ध होगें। छात्र निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिग, यू.पी.आई. इत्यादि के माध्यम से जमा कर सकेगें।

व्यक्तिगत छात्र के रूप में आवेदन किये जाने हेतु निर्धारित तिथियाँ निम्नवत हैं :–

क्र.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि	10.05.2022
2	छात्रों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि	25.05.2022
3	छात्रों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि	27.05.2022
4	विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	28.05.2022

सूच्य हो कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं की जानी है। उन्हें सत्यापित कर सम्बन्धित महाविद्यालय अपने पास सुरक्षित रखेगें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालयो को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार आनलाइन आवेदन पत्र जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि ऑनलाइन परीक्षाफार्म नियमानुसार भलीभॉति परीक्षण कर ही विश्वविद्यालय को ऑनलाईन अग्रसारित किया गया है। किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगें।
2. वित्त अधिकारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
5. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
7. प्रभारी, ऑनलाईन एजेन्सी।
8. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
9. वै.सहा. सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक